8:51

March 12, 2025

शहीद डोमेश्वर शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

by Jyoti Verma

Share:

जामगांव आर। शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में डॉ अरुणेन्द्र कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को पुरानी शिक्षण पद्धति से अलग राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों जैसे सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट पद्धति, बहुसंकाय प्रणाली, मल्टीपल एंट्री एग्जिट प्रणाली, मूल्यवृद्धि पाठ्यक्रम, योग्यता वृद्धि पाठ्यक्रम के बारे मे बताया।

एन ई पी प्रभारी डॉक्टर सन्तोष कुमार पाण्डे ने विद्यार्थियों को सतत् आंतरिक मूल्यांकन, महाविद्यालय के एसईसी पूल की जानकारी प्रदान करते हुए, अंत सेमेस्टर परीक्षा पैटर्न के बारे में जानकारी देते हुए, अंक के अनुसार प्रश्नोत्तर की सलाह दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सतत् आंतरिक मूल्यांकन में उपस्थिति को अत्यावश्यक बताते हुए, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों की जागरूकता का परीक्षण किया।

-76% Woakers Synthetic Leather Steel Toe Airmix Sole Black S...
-74% Wonker SR-6413 Synthetic Leather Steel Toe Brown Sa...
-30% Dr. Mor Blood G Glucom

कार्यालय प्राचार्य
शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगाँव (आर)–भरर
जिला–दुर्ग, (छ.ग.), 491223
ई–मेल–jamgaonrcollege@gmail.com महाविद्यालय विशिष्ट कोड–1608 वेब. www.gcjamgaonr.com

क्रमांक–163/रेड रिबन/2025 जामगाँव (R) दिनांकः 21/03/2025

–: रेड रिबन क्लब प्रतिवेदन :–

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगाँव–आर, भरर जिला दुर्ग (छ.ग.) में संचालित रेडरिबन क्लब व छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में निम्नलिखित कार्यक्रम हुए –

1. प्रथम वार्षिक उन्मुखीकरण बैठक सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21.09.2024 को किया गया जिसमें मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भनसुली आर के आर. एच. ओ. श्री संदीप चन्द्राकर ने एच. आई. व्ही./एड्स के प्रति जागरूकता हेतु शासन के योजनाओं एवं कार्यक्रम की जानकारी दी तथा जानकारी ही बचाव है की एक मात्र इससे बचने का उपाय है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें छात्र–छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिए।
2. एच. आई. व्ही./एड्स जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन 25.10.2024 को जामगांव आर, भरर चौक पर किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने एच. आई. व्ही./एड्स के प्रति जागरूकता "जानकारी ही बचाव" संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के प्रयास में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आठ स्वयं सेवकों ने भाग लिया।
3. विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर 2024 के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर निर्माण, रंगोली, निबंध लेखन, वाद – विवाद, भाषण एवं प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 01. 12.2024 को किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने भाग लिया।
4. (12 जनवरी से 19 फरवरी 2025) युवा दिवस सप्ताह के अवसर पर दिनांक 15.01.2025 को रेड रिबन क्लब एवं छ.ग. शासन के निश्चय निरामय 100 दिन कार्यक्रम के संयुक्त तत्वाधान में एड्स, कुष्ठ, क्षय रोग (टी.बी.) नशा मुक्ति और मलेरिया के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में पोस्टर, निबंध, भाषण और वाद – विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भनसुली आर के आर. एच. ओ. श्री संदीप चन्द्राकर द्वारा एड्स, कुष्ठ रोग, मलेरिया, नशा मुक्ति और क्षय रोग के कारण पहचान एवं उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिसमें जानकारी ही बचाव एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देनें की जरूरत पर बल दिया।

(डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय)
प्रभारी रेड़रिबन क्लब

प्राचार्य
शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय
जामगाँव (आर), भरर, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

I:\LATTER\PRATIVEDAN\prativedan.docx